**खबर संक्षेप**

## पेयजल व्यवस्था एवं सीवरेज परियोजना का मुख्य अभियंता ने किया निरीक्षण

**मण्डला।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के निर्देशानुसार नगरपालिका परिषद मंडला में रविवार को मुख्य अभियंता एमपीयूडीसी, भोपाल शैलेन्द्र शुक्ला द्वारा निकाय की पेयजल व्यवस्था एवं सीवरेज परियोजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता ने सर्वप्रथम इंटकवेल एवं जल छानन संयंत्र गृह पहुंचकर जल ट्रीटमेंट प्लांट की समस्त यूनिटों का अवलोकन किया। इस दौरान उनकी तकनीकी टीम द्वारा रॉ वॉटर एवं क्लीयर वॉटर की गुणवत्ता का परीक्षण भी मौके पर किया गया। इसके पश्चात मुख्य अभियंता द्वारा वार्ड क्रमांक 11 स्वामी सीताराम वार्ड एवं वार्ड क्रमांक 12 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में नागरिकों से चर्चा कर नगरपालिका द्वारा प्रदाय की जा रही पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। जांच में निकाय द्वारा प्रदाय पेयजल आपूर्ति को गुणवत्तापूर्ण पाया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता ने प्लांट संचालन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए संसाधनों एवं मशीनरी उपकरणों के समुचित सुधार एवं मरम्मत कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्लांट के नियमित एवं प्रभावी संचालन के लिए केमिस्ट की नियुक्ति के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के समय एमपीयूडीसी के पीएम गोपाल गुप्ता, डीपीएम अभय जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजानन नाफड़े, उपयंत्री सुश्री रूखसार अली सहित समस्त तकनीकी अमला उपस्थित रहा।

**आरडी कॉलेज में महा युवा संगम रोजगार मेला का हुआ भव्य शुभारंभ**

# युवाओं के सपनों को मिली नई उड़ान






*** 40 से अधिक कम्पनियाँ पहुँची मेले में।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले के युवाओं के लिए ऐतिहासिक अवसर लेकर आए महा युवा संगम रोजगार मेला का शुभारंभ मंगलवार को आरडी कॉलेज मंडला में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीएचई मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने आरडी कॉलेज परिसर में सर्वप्रथम वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जयदत्त झा, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि के रूप में रितेश अग्रवाल, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना, एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा, एमपीआईडीसी जबलपुर अनिल राठौर, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर सचिन जैन एवं संस्कार बावरिया, जीएमडीआईसी अतिरिक्त प्रभार मंडला श्री दिनेश कुमार मर्सकोले, सहायक संचालक बलराम यादव, आईटीआई प्राचार्य श्रीमती मनीषा भूरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी, विभागीय अमला और बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे।

मंत्री श्रीमती उइके ने रोजगार मेले में लगे 40 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों के स्टालों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं युवाओं से सीधे संवाद कर भर्ती प्रक्रिया, कार्यक्षेत्र और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी ली। युवाओं का उत्साह और आत्मविश्वास देखकर मंत्री ने उनकी सराहना की तथा उन्हें आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।

अपने संबोधन में मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवाईएएन (GYAN) की संकल्पना को साकार करने के लिए जिले में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए पूरी तरह संकल्पित है और उन्हें रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई पूरी होने के बाद युवाओं के मन में यह चिंता रहती है कि अब आगे क्या करेंगे ? ऐसे में इस तरह के रोजगार मेले बेरोजगार युवाओं के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में चार हजार से अधिक युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर एक ही मंच पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। मंडला जैसे जनजातीय जिले के लिए यह रोजगार मेला मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि वे कभी यह न सोचें कि उन्हें छोटी नौकरी मिल रही है, बल्कि अनुभव के साथ आगे बढ़ने का सतत प्रयास करते रहें। उन्होंने जिला प्रशासन और अन्य राज्यों से आई कंपनियों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज युवाओं को एक ही छत के नीचे रोजगार उपलब्ध कराना बड़ी उपलब्धि है और यह प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


इस अवसर पर सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी आरडी कॉलेज परिसर पहुंचकर रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिसर में लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने रोजगार मेले में भाग लेने वाले युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह आयोजन जिले के युवाओं के लिए रोजगार एवं करियर निर्माण का एक महत्वपूर्ण अवसर है। आज रोजगार मेले में आई विभिन्न कंपनियों की रिक्वायरमेंट के अनुसार भर्तियां की जानी हैं, जिससे युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं का प्लेसमेंट हो रहा है, उन्हें और उनके परिवारजनों को बधाई।

सांसद श्री कुलस्ते ने जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इस तरह का वृहद रोजगार मेला आयोजित करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। ऐसे आयोजनों से युवाओं को सही दिशा, मार्गदर्शन और रोजगार के अवसर मिलते हैं।उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की स्किल इंडिया और न्यू इंडिया की परिकल्पना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह रोजगार मेला युवाओं को कौशल विकास एवं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करेगा तथा देश निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने महा युवा संगम रोजगार मेला 2026 के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि यह रोजगार मेला युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में रोजगार के साथ-साथ कौशल विकास और आत्मविश्वास भी बेहद जरूरी है, और यह आयोजन युवाओं को सही दिशा देने का कार्य कर रहा है।

## ग्राम पटपरा रैयत में हायर सेकेण्डरी स्कूल की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जनपद मण्डला की ग्राम पंचायत पटपरा रैयत सरपंच ने और आसपास के अन्य ग्राम के लोगों ने मण्डला सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते को पत्र लिखकर ग्राम पटपरा रैयत में हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलने की मांग की है।

ग्रामवासियों का कहना है कि मण्डला के बाद डिण्डौरी मार्ग पर 25 किलोमीटर दूर ग्राम पौंड़ी में ही हायर सेकेण्डरी स्कूल की सुविधा उपलब्ध है इसके बीच कोई भी हायर सेकेण्डरी स्कूल नहीं है।

ग्राम पंचायत पटपरा रैयत मण्डला और पौंड़ी के लगभग बीच में स्थित है इसके चारों ओर अनेक ग्राम की बसाहट है जिनमें अनुमानित 29 प्राथमिक शालायें, 8 मिडिल स्कूल एवं 3 हाईस्कूल हैं इन शालाओं में अधिकांशतः आदिवासी समाज के बच्चे ही अध्ययनरत हैं। इन परिवारों की आर्थिक स्थिति उतनी उन्नत नहीं कि वे बाहर भेजकर बच्चों को उच्च शिक्षा दिला सकें और यही कारण है कि अधिकांश बच्चे 10वीं के बाद आगे नहीं पढ़ पाते।

मण्डला और पौंड़ी ग्राम के बीच पटपरा रैयत ग्राम में हाईस्कूल की सुविधा उपलब्ध है यदि यहां पर हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रारंभ कर दिया जाये तो जो बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं उनकी समस्या का समाधान हो जायेगा।

ग्रामवासियों ने यह मांग की है कि सांसद के प्रयास से ग्राम पंचायत पटपरा रैयत में हाईस्कूल का उन्नयन कर हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रारंभ किया जाये।

## कोदो एवं कुटकी की उपार्जन अवधि 31 जनवरी तक बढ़ी

**मण्डला।** रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025 में कोदो एवं कुटकी के उपार्जन की अवधि में वृद्धि कर दी गई है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश (भोपाल) द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, कोदो एवं कुटकी का उपार्जन अब 01 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। पहले यह कार्य 15 जनवरी तक किया जाना था। उपार्जन अवधि बढ़ने से अधिक से अधिक पंजीकृत कृषक योजना का लाभ लेकर अपनी उपज का विक्रय कर सकेंगे। निर्देशों के तहत संबंधित जिलों में निर्धारित अवधि में कोदो एवं कुटकी का उपार्जन कार्य पूर्ण करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

## सिंगिंग में 26 व डांसिंग में 15 प्रतिभागी अगले राउंड के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिले की उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित 'मण्डला गॉट टैलेंट' प्रतियोगिता के लिए जिला न्यायालय मार्ग स्थित झंकार भवन में दो दिनों तक चले ऑडिशन मंगलवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गए। ऑडिशन प्रक्रिया में जिलेभर से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के तहत सोमवार 19 जनवरी को सिंगिंग (गायन) विधा में प्रतिभागियों के ऑडिशन आयोजित किए गए थे। यह क्रम मंगलवार 20 जनवरी को भी जारी रहा। ऑडिशन राउंड के दूसरे दिन सिंगिंग के शेष प्रतिभागियों के साथ-साथ डांसिंग (नृत्य) स्पर्धा के ऑडिशन भी सम्पन्न हुए। आयोजन समिति एवं चयन समिति द्वारा प्रतिभागियों के प्रदर्शन का सूक्ष्मता से मूल्यांकन किया गया। कमेटी के अंतिम निर्णय के अनुसार सिंगिंग विधा में कुल 26 प्रतिभागियों तथा डांसिंग विधा में 15 प्रतिभागियों का चयन अगले राउंड के लिए किया गया है। कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों और उपस्थित नागरिकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा इस आयोजन को जिले की प्रतिभाओं के लिए एक बड़ा अवसर बताया। आयोजन समिति ने भी सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि 'मण्डला गॉट टैलेंट' मंच के माध्यम से जिले की छुपी हुई प्रतिभाओं को पहचान और प्रोत्साहन मिलेगा।

आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार गायन के लिए योगेन्द्र तिवारी, अभिनव लखेरा, आसना बाम्बरी वोहरा, अभिषेक अग्निहोत्री, पम्पा ठाकुरता, प्रियंका अग्निहोत्री, वागिनी बरमन, देवराज पन्द्रे, रूपेश सोनवानी, ज्योशनी वरकड़े, फारूख अली, अभिजय झा, उज्जवल, निशांत यादव, शेख रहमान, चारूदत्त शुक्ला, राज तिवारी, मानेश्वर झारिया, आयुष उपाध्याय, रमन बरमैया, प्रतीक बैरागी, अभिषेक वाजपेयी, अभय सोनी, राजेन्द्र वाजपेयी, सहबाज कुरैशी और गफ्फार खान चयनित किए गए हैं। इसी प्रकार नृत्य के लिए वंशिका श्रीवास्तव, वरूणराज कछवाहा, सोम्या खरे, मीनूमॉय रोबिना सिंह, पलक सिंह, अंशिका पटेल, नंदनी मरावी, ईशा बरोनी, ऋषिका तिवारी, सृष्टि झारिया, नियती द्विवेदी और सदन जमाल का एकल नृत्य के लिए चयन हुआ है जबकि कृतिका पाठक और आकांक्षा को समूह नृत्य के लिए चयन किया गया है।

## गुप्त नवरात्रि के अवसर पर ब्राह्मण समाज की मात्र शक्तियों ने किया सुहागले पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



**गुप्त नवरात्री के प्रथम दिवस सोमवार को माहिष्मती सर्व ब्राह्मण समाज, की मात्र शक्तियों द्वारा श्री राममंदिर परिसर में लाल रंग के परिधान में एकत्रित होकर सुहागले पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्राह्मण समाज महिला मंडल की अध्यक्ष संगीता गर्ग ने बताया कि समाज की सभी मात्र शक्तियों द्वारा मिलकर प्रतिवर्ष माघ के महीने में सुहागले का कार्यक्रम करते हैं।**

इस वर्ष 19 जनवरी को गुप्त नवरात्रि का प्रथम पावन दिवस पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी माताएं बहनें इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर अपना योगदान देते हुए लाल वस्त्र के ड्रेस कोड में एकता का संदेश देते हुए कार्यक्रम के माध्यम से एक दूसरे को एक सूत्र में बांधने का सुन्दर प्रयास है। कार्यक्रम के आरम्भ में माताजी का पूजन अर्चन कर सभी सुहागन नारियों को ओली डालकर श्रृंगार दान किया गया। फिर माताजी का आशीर्वाद प्राप्त कर विसर्जन गाजे बाजे के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंत में भोजन प्रसाद वितरण हुआ। उक्त संपूर्ण कार्यक्रम में महिष्मति सर्व ब्राह्मण समाज, बिछिया की अध्यक्ष संगीता गर्ग, रश्मि दीक्षित, शशि मिश्रा, गोपी उपाध्याय, अरुणा दीक्षित, ममता पाण्डेय, निशा गर्ग, रत्ना गर्ग, रानू पाण्डेय, अर्चना पाण्डेय, मीता चौबे, निधि ज्योतिषी, नीता दीक्षित, योगिता ज्योतिषी, मीनल चौबे, पूजा द्विवेदी, ज्योति द्विवेदी, नेहा मिश्रा, शालू पाण्डेय, वर्षा पाण्डेय, श्रृष्टि पाण्डेय, अंशिका पाण्डेय, मुस्कान पाण्डेय, संध्या पाण्डेय, सरिता उपाध्याय, आस्था उपाध्याय, लक्ष्मी भट्ट, मीनू भट्ट, ऊषा भट्ट, शिल्पा भट्ट, रोशनी दुबे, शालिनी भट्ट, ऋतु पाण्डेय, नीता तिवारी, पूजा तिवारी, श्रद्धा शुक्ला, अंजू शुक्ला, श्रेया मिश्रा, सीता तिवारी, शिखा तिवारी, आरती उपाध्याय, नीलम तिवारी, स्मृति ज्योतिषी, श्वेता कटारे, ज्योति मिश्रा, सुषमा पाण्डेय, रिया पाण्डेय, अर्चना दुबे, अरुणिमा दुबे, सूर्या वाजपेई, कल्पना पाण्डेय, पूनम तिवारी, पूर्णिमा मिश्रा, निधि ज्योतिषी, अरुणा तिवारी, सुषमा तिवारी, प्रियंका तिवारी, स्मिता दुबे, रोशनी उपाध्याय, आकांशा तिवारी, निशा पाण्डेय, रश्मि ज्योतिषी, आरती चौबे, विनीता पाण्डेय, ज्योति शुक्ला, उमा मिश्रा, राधिका दुबे, ललिता मिश्रा, साधना वाजपेई, आरती शर्मा, रीता शुक्ला, निधि तिवारी, प्रिया तिवारी, उमा दुबे, अर्चना मिश्रा, नीति अग्निहोत्री, ऋतु पाण्डेय, श्रेया शुक्ला, मुन्नी बड़गैयां आदि सभी मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।

**अनदेखी** | **शाला प्रांगण में अवैध दुकान निर्माण पर ग्रामीणों का आक्रोश।**

# पहले हटाया अतिक्रमण अब खुद बसा रहे

*** बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






ग्राम पंचायत पडरिया (नारायणगंज) में बालक हाई स्कूल एकीकृत शाला के प्रांगण एवं शाला विकास हेतु आरक्षित शासकीय भूमि पर कथित रूप से किए जा रहे अवैध दुकान निर्माण को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस गंभीर मामले को लेकर ग्रामवासी आज जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे और निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि जिस भूमि पर दुकानें बनाई जा रही हैं, वह रकबा 334रोड मद 332की शासकीय भूमि है, जिसे भविष्य में विद्यालय विकास के लिए आरक्षित किया गया है। पंचायत क्षेत्र में शाला विस्तार हेतु अन्य कोई शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद पुराने बालक हाई स्कूल भवन के प्रांगण में सरपंच एवं पंचायत सचिव की कथित मिलीभगत से अवैध रूप से दुकानें बनवाई जा रही हैं।

### पैसे लेकर चुनिंदा लोगों को किया जा रहा अवैध आवंटन

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त दुकानें कुछ चुनिंदा लोगों को अवैध रूप से राशि लेकर आवंटित की जा रही हैं। इस संबंध में 181 सीएम हेल्पलाइन एवं तहसील कार्यालय में शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से निर्माण कार्य दिन-रात तेज़ी से जारी है।

### बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा पर संकट

ग्रामीणों का कहना है कि नया शाला भवन निर्माणाधीन होने के कारण विद्यालय परिसर पहले से ही संकीर्ण हो चुका है। ऐसे में शाला प्रांगण में दुकान निर्माण से बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा एवं भविष्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्वार्थी तत्व निजी लाभ के लिए स्कूली बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

### पूर्व में न्यायालय में हार चुके कब्जाधारियों को पुनः लाभ

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जिस भूमि पर वर्तमान में दुकान निर्माण कराया जा रहा है, उस पर पूर्व में न्यायालयीन प्रकरण चल चुका है, जिसमें अवैध कब्जाधारियों की हार हुई थी। इसके बावजूद उन्हीं लोगों को पुनः दुकान निर्माण की अनुमति देना न्यायालय की अवमानना के समान है।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष भी ग्रामीणों के साथ पहुंचे जनसुनवाई में

इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले स्वयं ग्राम पंचायत पडरिया (नारायणगंज) के ग्रामीणों के साथ जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने मांग की कि बालक हाई स्कूल एकीकृत शाला प्रांगण एवं शाला विकास हेतु आरक्षित भूमि पर किए जा रहे अवैध दुकान निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए, ताकि बच्चों की शिक्षा का मार्ग सुरक्षित एवं प्रशस्त हो सके।

### कार्रवाई नहीं हुई तो जनआंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने आज ही एसडीएम निवास पहुंचकर भी शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो वे जनआंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### इनका कहना :-

*राजनीतिक दबाव में स्कूल की भूमि पर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है, जो न केवल अनुचित बल्कि पूरी तरह अवैधानिक है। इस गंभीर मामले को लेकर मैं शीघ्र ही संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर उचित कार्रवाई की मांग करूंगा।"*

— **डॉ. अशोक मर्सकोले,**
**जिला अध्यक्ष,**
**जिला कांग्रेस कमेटी, मंडला**

## कार्यालय नगर परिषद भुआ बिछिया, जिला - मण्डला (म.प्र.)

क्रमांक 850/न.परि./2026

### निविदा सूचना

भुआ विछिया, दिनांक 16/01/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद भुआ विछिया सामान्य सम्मेलन दिनांक 15/01/2026 की स्वीकृत उपरांत निकाय क्षेत्र में श्री गांधी मेला दिनांक 30/01/2026 से 12/02/2026 तक आयोजित किया जाना है। श्री गांधी मेला बैठकी फीस वसूली ठेका नीलामी बंद लिफाफे के माध्यम से किया जाना है इस हेत इच्छुक निविदाकर्ता से बंद लिफाफे में उच्चतम ऑफर मूल्य आमंत्रित किया जाना है। निविदाकर्ता इस कार्यालय से जारी निविदा प्रपत्र पर अपने उच्चतम ऑफर बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकता है। निविदा प्रपत्र दिनांक 27/01/2026 को समय दोपहर 12 बजे तक कार्यालयीन दिवसों में 1000 रुपए नगद जमा कर राजस्व शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। फॉर्म की राशि वापसी योग्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता बंद लिफाफे में निर्धारित अमानत राशि सहित अपनी निविदा प्रस्तुत कर सकता है।'

**श्री गांधी मेला बैठकी फीस वसूली ठेका का विवरण**

| क्र. | ठेके का नाम | मेला अवधि | अमानत राशि | न्यूनतम मूल्य | नीलामी स्थान व दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री गांधी मेला बैठकी फीस वसूली ठेका | 30/01/2026 से 12/02/2026 तक | 15,000/- | 1,47,300/- | 27/01/2026 को समय 03:00 बजे नगर परिषद सभा कक्ष |

टीप:-1. अमानत राशि नगद दिनांक 27/01/2026 को 12 बजे तक जमा की जा सकती है।
2. उच्चतम निविदाकर्ता को नीलामी के तत्काल पश्चात बोली की 25 प्रतिशत राशि तथा शेष राशि 24 घंटे के अंदर जमा करना अनिवार्य होगा।
3. नीलामी से संबंधित नियम शर्ते 'तथा विस्तृत विवरण राजस्य शाखा "में' कार्यालयीन कार्य दिवसों एवं समय पर देखा जा सकता हैं।
4. नगर परिषद का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
5. अस्पष्ट एवं काट- पीट वाले निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।
6. समयावधि पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद भुआ बिछिया**
**जिला-मण्डला (म. प्र.)**

## खबर संक्षेप

### चक्रवर्ती को मिला चीचली ब्लाक शिक्षा अधिकारी का प्रभार



गाडरवारा। समीपी ग्राम कठोतिया के शा उ मा विद्यालय में प्राचार्य के पद पर पदस्थ महेन्द्र कुमार चक्रवर्ती को विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय चीचली के प्रशासनिक एवं आहरण संवितरण अधिकार अस्थाई तौर पर आगामी आदेश तक सौपे जाने का आदेश जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी हुआ है। कलेक्टर द्वारा अनुमोदित उक्त आदेश में उल्लेखित किया गया है कि सहायक संचालक श्रीमती नीलम मरावी की नवीन पदस्थापना अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक के पद पर हो जाने के कारण चक्रवर्ती को उक्त जिम्मेदारी सोंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार चक्रवर्ती अपने कार्य के अतिरिक्त बीईओ कार्यालय चीचली के समस्त कार्यों का निर्वाहन करेंगे।

### सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे बगैर नम्बर के वाहन

गाडरवारा। शासन के नियमों को ताक में रखकर धड़ल्ले से नवयुवक वाहनो को बेखौफ होकर चलाते देखे जा रहे है। उल्लेखनीय है कि शहर की सड़को तथा गलियों में लहराते हुए नवयुक दुपहियो वाहन लेकर फर्राटे भर रहे हैं और यातायात नियमों का सरेआम उल्लंघन घर रहे है। वाहनों से नम्बर प्लेंटो को तरह तरह से सजाना वाहन मालिको विशेषकर युवा वाहनचालकों का शौक बन गया है, वही कुछ अपने वाहन में नंबर लिखवाना शान के विरूद्ध समझतें है, ऐसे वाहन अगर कोई दुर्घटना करते है तो उनकी तलाश पुलिस के लिए एक समस्या बन जाती है।

# लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों को 48 घंटे के अंदर पकड़ने में हासिल की सफलता









हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

कुछ दिनों से क्षेत्र में जिस हर राह चलते हुये लोगों के साथ मोबाईल फोन लूटने की घटनाये सामने आने के चलते लोगों में दहशत का महौल निर्मित होते हुये देखे जाने लगा था। इन घटनाओं को नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा गंभीरता से लेते हुये आरोपियों की खोजबीन करते हुये 48 घटना के अंदर आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। घटना का खुलासा करते हुये पुलिस द्वारा बताया है कि बीते हुये 9 जनवरी को छात्रा अपनी कोचिंग के बाद जमाडा रोड से पैदल अपने घर वियज कालोनी जा रही थी इसी दौरान नगर के उत्सव भवन के पास से एक अज्ञात मोटर साईकिल पर सबार व्यक्ति छात्रा के हाथ से मोबाईल फोन छीनकर पलोटन गंज की ओर भाग गया था। इसी प्रकार से एक अन्य दूसरी घटना में बीते हुये 17 जनवरी को सतेन्द्र द्विवेदी जमाडा रोड से पैदल जा रहे थें उसी दौरान मोटर साईकिल सबार व्यक्ति उनके हाथ मोबाईल फोन छीनकर भाग गया था। इसी प्रकार से एक अन्य घटना को भी अजाम दिये जाने को लेकर पुलिस द्वारा प्रार्थियों की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये उनकी खोजबीन शुरू की गई थी। वही नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा संपूर्ण घटनाक्रम से जिला पुलिस अधीक्षक को अवगत कराये जाने पर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र में इस तरह लूट की घटनाओं में इजाफा होने की जानकारी को गंभीरता से लेकर आरोपियों की खोजबीन के लिये सख्त आदेश जारी किये जाने के चलते जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के मार्ग दर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस तरह मोबाईल लूटने की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों की खोजबीन के लिये बनाई गई टीम में मुख्य रूप से टीआई विक्रम रजक के आलवा उप निरीक्षक अर्जुन सिंह बघेल, उप निरीक्षक अंकित रावत, उप निरीक्षक अनिल भगत, प्रधान आरक्षक राम गोपाल सिंह राजपूत, परमानंद, आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, बाल कृष्ण रघुवंशी बल्लू, सुजीत बागरी, शिवम पटैल, दीपक राजपूत, ऐश्वर्य वेंकट, शिशुपाल सिंह तोमर, सौरभ मिश्रा, करन सिंह ,रामसिंह, कुमुद पाठक को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा कुछ युवको को संदिग्ध स्थिति में भ्रमण करते हुये पकड़कर जब उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम हेमराज उर्फ छोटू पिता मट्टू कीर उम्र 23 साल, आशीष पिता फुलवर कीर उम्र 22 वर्ष व दीपक पिता फुलवर कीर उम्र 19 वर्ष सभी निवासी कुड़ारी थाना डोंगरगाँव के होना बताया गया। इस तरह युवको द्वारा बीते हुये अलग अलग स्थानों से मोबाईल फोन छीनगर भागने की बात स्वीकार किये जाने के चलते पुसिल ने आरोपियों के पास से लूटे गये तीन मोबाईल फोन सहित घटनाओं को अंजाम देने के लिये उपयोग किये जाने वाली एक बिना नंबर प्लेट की पल्सर एवं बिना नंबर प्लेट की सीटी 100 मोटर साईकले जप्त की गई है। इस तरह पुलिस द्वारा आरोपियों के पास से लूटे गये मोबाईल फोन सहित जप्त की गई मोटर साईकिलों की कीमत लगभग 2 लाख से अधिक की बताई जा रही है। पुलिस द्वारा आरोपियों को जिन जिन जगहों पर उन्होने लूट की घटनाओं को अंजाम दिया गया था उन स्थलों पर पैदल ले जाकर घटनाओं की सच्चाई जानने के लिये औपचारिकता रूप से नाटकीय क्रम पुनःवृति कराई गई। इस तरह से पुलिस द्वारा गिरप्तार किये आरोपियों को मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इनके द्वारा कही अन्य जगहों पर तो और घटनाओं को अंजाम दिया है। इस तरह पकड़े गये आरोपियों में जहां दो सगे भाई है तो तीसरा उनका रिस्तेदार है जो एक साथ मिलकर इस तरह लूटन की घटनाओं को अंजाम देते हुये अपने खर्च को पूरा करते थें। इस तरह नगर निरीक्षक विक्रम रजक की कार्य कुशलता के चलते क्षेत्र में लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल कर ली गई है। यदि यह आरोपी पुलिस की गिरप्त में नही आये होते तो निश्चित तौर लूटन की घटनाओं में इजाफा होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता था। ज्ञात हो कि इस समय एनटीपीसी की स्थापना होने के बाद इस क्षेत्र के लोगों को जिस तरह अपराधिक घटनाओं में शामिल होते हुये देखा जा रहा है वह चिंता जनक सच्चाई उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। क्योंकि कुछ समय बाइक चोरी की घटनाओं में जिस तरह पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरप्तार किया गया था। वही आरोपी भी इसी क्षेत्र से जुडे हुये पाये गये थें। इसके बाद लूटन की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपी भी एनटीपीसी क्षेत्र यानि की डोगरगांव पुलिस थाना क्षेत्र के होना इस बात की ओर संकेत देने से नही चूक रहा है कि एनटीपीसी की स्थापना क्षेत्र के लिये बरदान की जगह अभिशाप बनने की ओर संकेत देने से नही चूक पा रही है..?

# लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के विधायक कप में आज प्रयागराज व दिल्ली टीमों के बीच होगा फाईनल मैच का महामुकाबला

## प्रदेश के कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप की मौजूदगी में होगा आयोजन का समापन





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर के मैदान पुराने कालेज खेल मैदान पर लाईन्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित की जा रही अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता चेम्पियन ट्राफी 2026 विधायक कप में बीते हुये दूसरे सेमीफाईनल मैच में प्रयागराज टीम ने नागपुर को पराजित करते हुये फाइनल में प्रवेश किया था। प्रतियोगिता का बीते हुये सोमवार को खेले गये दूसरे सेमीफाईनल मुकाबले में टॉस जीतकर प्रयागराज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में अपने 9 विकेट खोकर 146 रनो का लक्ष्य रखा । प्रयागराज की ओर से की गई बल्लेबाजी में अंशु ने 46 बाल में 62 रन जिसमे 4 चोके 4 छक्के शामिल रहे । सचिन ने 12 बाल में 14 रन 1 छक्का तथा दिव्यांश ने 21 बाल में 18 रन 4 चौके की सहायता से अपनी टीम को 146 रन के लक्ष्य तक पहुंचाया। जवाबी पारी खेलते हुए नागपुर टीम के बल्लेबाज उपेश राजपूत ने 21 बाल में 32 रन 2चौके 3 छक्के की मदद से बनाये गये थे। वही कुणाल ने 21 बाल में 25 रन 4 चौके मदद से तो वैभव ने 22 बाल में 24 रन 2चौके, 1 चक्का कराते हुये बनाये थें। इस तरह प्रयागराज की कसी हुई गेंदबाजी के कारण नागपुर 20 ओवर की समाप्ति पर एक रन से मैच हारते हुये इस प्रतियोगिता से बाहर हो गया था। इस तरह नागपुर और प्रयागराज के बीच नागपुर के बीच खेले गए सेमीफाइनल मैच में मैच के अंत तक रोमांचक बना रहा । अंतिम ओवर की अंतिम बाल जीतने के लिए 4 रन एवं बराबरी के लिए 3 रन की आवश्यकता थी, लेकिन अंतिम गेंद पर रन ही बन सके । वही प्रतियोगिता के दूसरे सेमी फाइनल मैच में शानदार और धुआंधार बल्लेबाजी करने वाले प्रयागराज के अंशु को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अतिथियों प्रदान करते हुये सम्मानित किया। ज्ञाता हो कि अंशु ने 46 बॉल में 62 रन एवं 2 ओवर में 13 रन देकर 1 महत्वपूर्ण सफलता हासिल की थी। इस मौके पर अतिथियों द्वारा कहा कि लाईन्स क्रिकेट क्लब क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन लगातार करते चल रहा है वह निश्चित नगर के लिये गौरव की बात है। इस तरह प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला आज बुधवार को उत्तर प्रदेश प्रयाग राज तथा देश की राजधानी दिल्ली टीमों के बीच खेला जावेगा। ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2 लाख नगद व कप क्षेत्र के विधायक स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा प्रदान किया जा रहा है तो द्वितीय पुरुस्कार 1 लाख नगद व कप समाजसेवी योगेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार मालपानी दिया जावेगा। वही प्रत्येक मैच का मेन ऑफ द मैच - आकर्षक ट्राफी एवं नगद 21 सौ अन्नू शर्मा (ज्वारा) द्वारा तथा मेन ऑफ दी सीरीज 21 हजार चन्द्रकांत शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा प्रदान की जावेगी। वही सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को स्वर्गीय कमल कोचर की स्मृति में पुरस्कार दिए जाएंगे । इस तरह आज फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक मौजूद रहेगे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा की जावेगी। वही विशिष्ट अतिथि में पूर्व विधायक नरेश पाठक, पूर्व विधायक साधना स्थापक, पूर्व विधायक संजय शर्मा, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री डॉ हरगोविंद सिंह, ठाकुर राजीव सिंह समाजसेवी दिनेश मालपानी सहित जनप्रतिनिधि गण विशेष रूप से उपस्थित रहकर पुरस्कारों का वितरण किया जावेगा।

## 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया शुरू



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** इन दिनों जिले सहित क्षेत्र में 18 वर्ष के युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में क्षेत्र के ग्राम सूखाखैरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य महेन्द्र कौरव के प्रयासों से 12 वी कक्षा में पढ़ रहे वे सभी विद्यार्थियों जिनकी उम्र 18 वर्ष से ऊपर हो गई है उनसे घर घर संपर्क कर उनके फॉर्म नंबर 6 भरवाकर उन्हें संबंधित बीएलओ के पास जमा किया जा रहा है। अभी तक सिर्फ 2 दिनों में 35 बच्चों के फॉर्म नंबर 6 भरे भरवाए जा चुके है। प्राचार्य कौरव ने बताया कि हमारे स्कूल में सूखाखैरी सहित आसपास के विभिन्न ग्रामो के बच्चे अध्ययन करते आते है। हमने सभी बच्चों से स्कूल के अलावा घर घर सम्पर्क कर उनके नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु कार्य शुरू किया है जिसके अच्छे नतीजे सामने आ रहे है। इस प्रेरणादायक पहल की सर्वत्र सराहना हो रही है।

## स्व सहायता समूह से आत्मनिर्भर बनने की मिली उड़ान, अब हर माह बीस हजार की हो रही आमदानी



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र की महिलाएं न केवल अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं। बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी बेहतर बना रही हैं। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है विकास खंड सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत जमाड़ा की श्रीमती भागवती कहार बताई जाती है। जिन्होंने स्वसहायता समूह से जुड़कर मेहनत, आत्मविश्वास और योजनाओं के सहयोग से एक नई पहचान बनाई। ग्राम जमाडा निवासी श्रीमती भागवती कहार बताती हैं कि पहले उनका परिवार पूरी तरह मजदूरी पर निर्भर था। पति भोजन बनाने का कार्य करते थे और उसी से घर का खर्च चलता था। समय के साथ परिवार की जरूरतें बढ़ीं। लेकिन आय में बढ़ोतरी नहीं हो सकी। ऐसे में भागवती कहार ने भी मजदूरी करना शुरू किया। लेकिन यह काम न तो नियमित मिलता था और न ही स्थायी आय दे पाता था। इस प्रकार परिवार को बेहतर भविष्य देने की उम्मीद लेकर 12 दिसंबर 2015 को भागवती कहार ने वंदना स्वसहायता समूह से जुड़कर नई शुरुआत की गई। समूह के माध्यम से बचत और बैंक लिंकेज की सुविधा मिली और उन्हें 30 हजार रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस दौरान उन्होंने इस राशि से एक छोटी चाय-पान की दुकान शुरू की। शुरुआत छोटी थी। लेकिन हौसला बड़ा था। जल्द ही इस दुकान से 8 से 10 हजार रुपये मासिक आय होने लगी। ऋण चुकाया, फिर लिया अगला लिंकेज और दुकान को बनाया आकर्षक। भागवती कहार ने कड़ी मेहनत करके 30 हजार रुपये का ऋण चुका दिया। इसके बाद उन्हें अगला बैंक लिंकेज मिला और उन्होंने 80 हजार रुपये का बैंक ऋण प्राप्त किया। इस धनराशि से उन्होंने दुकान का डेकोरेशन कराया, कुर्सी-टेबल की व्यवस्था की और दुकान को एक बेहतर स्वरूप दिया। व्यवसाय को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने चाय-पान के साथ चाय-नाश्ते का काम भी शुरू किया, जिससे ग्राहकों की संख्या में लगातार वृद्धि होने लगी। मेहनत और योजना का परिणाम यह हुआ कि आज उनकी दुकान से मासिक आमदनी बढ़कर लगभग 20 हजार रुपये तक पहुंच चुकी है। आज श्रीमती कहार स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। इस कार्य में उन्हें अपने पति का भी पूरा सहयोग मिला। मजदूरी पर निर्भर जीवन से आगे बढ़कर उन्होंने स्थिर और सम्मानजनक आजीविका स्थापित की है।उन्होंने कहा कि आजीविका मिशन ने मजदूरी से निकालकर खुद का व्यवसाय शुरू करने का अवसर दिया, जिससे उनके परिवार को नया जीवन मिला है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्र. 1 विनोद कुमार, क्र. 2 विनय कुमार एवं क्र.3 विजय कुमार तीनों आ. रामदरवारी लाल श्रीवास्तव निवासी पटैल वार्ड गाडरवारा हाल निवासी-जबलपुर / मण्डला मो.नं. 9425386097 एवं 9193844143 ने माननीय न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड गाडरवारा जिला नरसिंहपुर पीठासीन अधिकारी श्री यश शर्मा साहब के न्यायालय में एक वाद प्रतिवादीगण क्रमशः 1 धमेन्द्र श्रीवास्तव, क्रमांक 2 धीरेन्द्र श्रीवास्तव, क्रमांक 3 जीतेन्द्र श्रीवास्तव तीनों आ. राज बहादुर श्रीवास्तव निवासी नयाखेड़ा तहसील बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम (होशंगाबाद) म.प्र. के विरूद्व दिनांक 19.01.2026 को पेश किया है जिसका आर.सी.एस.ए.नं. 7/2026 है एवं प्रकरण में आगामी पेशी दिनांक 27.01.2026 को नियत है। मेरे पक्षकार द्वारा पेश वाद पत्र में विस्तार से अभिवचन किया है संक्षेप में उनकी वाद भूमि मौजा गाडरवारा प.ह.नं. 99/18/1 न.व. 119 तहसील गाडरवारा में ख.नं. 199 रकवा 10 एकड, ख.नं. 7 में से रकवा 9.60 एकड, ख.नं. 8 में से रकवा 15.12 एकड एवं ख.नं. 193/2 रकवा 4.39 एकड भूमि मेरे पक्षकारों के पिता श्री रामदरवारी लाल श्रीवास्तव एवं उनके भाई महिपत राय श्रीवास्तव के मध्य पैतृक भूमियों के बटवारा दिनॉक 24.02.1954 के अनुसार अन्य भूमियो के साथ प्राप्त हुई थी तथा उक्त भूमियों में से वर्ष 2009-10 में वाई पास रोड निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग गाडरवारा ने जिला भू-अर्जन के माध्यम से अधिगृहित की है तथा अधिग्रहण उपरांत शेष रकवा 199 / 1, 199/4, 7/1, 8/1, 193 /2 एवं ख.नं. 8/3 के स्वामी मेरे पक्षकारगण है जिस पर वह काबिज होकर कृषि कार्य करते चले आ रहे है। मेरे पक्षकारों की उक्त भूमियों को हडपने के लिए उक्त उक्त प्रतिवादीगण धमेन्द्र वगैरह या उनके पिता ने राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मिलकर कूट कूट रचित फर्जी दस्तावेज गढे है एवं उसके आधार पर फर्जी आदेश मेरे पक्षकारों की जानकारी के वगैर बनाये है तथा वर्ष 2022 में झूठ आधार पर अपना नाम दर्ज कराने के लिए अनुविभागीय अधिकारी गाडरवारा के न्यायालय में आवेदन पेश किया था जो खारिज हो गया था तथा अपील श्रीमान कलेक्टर न्यायालय द्वारा खारिज हो गई थी उसके वाद उनके द्वारा द्वितीय अपील अपर आयुक्त जबलपुर न्यायालय में पेश की थी जो दिनॉक 01.01.2026 को विधि विरूद्व अस्तित्वहीन आदेश को आधार मानकर स्वीकार की है जिसके आधार पर मेरे पक्षकारों के नाम की भूमियों में तहसीलदार गाडरवारा द्वारा मेरे पक्षकार के द्वारा व्यवहार वाद पेश करने के उपरांत दिनॉक 19.01.2026 को कार्यालयीन समय के उपरांत मेरे पक्षकारों के नाम के स्थान पर प्रतिवादीगण के पिता राजवहादुर पिता गोकल प्रसाद श्रीवास्तव पता पनारी गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के नाम पर भूमि में नामांतरण उक्त अपर आयुक्त जबलपुर के आदेशानुसार कर दिया है परन्तु उक्त प्रतिवादीगण को स्वत्व व कब्जा उक्त भूमियों में नही है मेरे पक्षकारगणों को आशंका है कि उक्त प्रतिवादीगण व्यवहारवाद की जानकारी पाकर जल्दवाजी में एवं अपने पिता के नाम से अपना नामांतरण कराकर अवैध नामांतरण के आधार पर उक्त भूमियों को विक्रय करना चाहते है या उसमें कर्ज लेना चाहते है इसलिए मेरे पक्षकारगण इस आम सूचना के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित करते है कि उक्त वाद भूमियों को कोई क्रय करने का सौदा न करे न ही कोई उक्त भूमियों पर लोन दे इस सूचना के वावजूद भी यदि कोई व्यक्ति या संस्था उक्त भूमि को क्रय करता है या सौदा करता है या लोन देता है तो मेरे पक्षकार उससे पावंधित नही होगा एवं ऐसे सौदा एवं विक्रय से क्रेता का कोई हक अधिकार व कब्जा प्राप्त नही होगा लिहाजा सूचित हो ।

दिनॉक 21.01.2026

भवदीय
जगदीश पटैल अधिवक्ता
वास्ते पक्षकार
महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा,
जिला-नरसिंहपुर
मोबाईल नं. - 9425837398

# सांईखेड़ा में आयोजित विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत संपन्न हुआ कार्यक्रम







हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने के उद्देश्य से मप्र जनअभियान परिषद के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान बीते हुये दिवस दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में सम्पन्न हुआ। बताया जाता है कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों, समितियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति तथा स्वदेशी को अपनाने की संकल्प दिलाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक, श्रीमती आरती राजपूत, राकेश खेमरिया, मोहरकांत पटेल, दीपक दीक्षित, प्राचार्य घनश्याम कौरव, चंद्रकांत विश्वकर्मा, विकास खंड समन्वयक सुश्री स्मिता दांडे, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष सहित परिषद की संस्थाओं के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य, विद्यार्थी और नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक ने बताया कि ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के माध्यम से राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने व ग्राम विकास में लोगों की सहभागिता, रोड मैप तैयार करना आदि के कार्य सम्पादन करना है। इस दौरान उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों के बारे में अगवत कराया। श्रीमती आरती राजपूत ने कहा कि पर्यावरण व जल संरक्षण की दिशा में कार्य करना चाहिए। इसके अलावा दीपक दीक्षित ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि 12 से 26 जनवरी 2026 तक चलाए जा रहे ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन- जन तक पहुंचने और पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## तेंदूखेड़ा छोटा स्कूल में आयोजित हुआ साइकिल वितरण कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा छोटा में बीते हुये दिवस शासन की योजना के तहत कक्षा 9 वी में अध्ययनरत छात्रों को विद्यालय प्राचार्य सतेन्द्र सिंह कौरव के निर्देशन में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती दीपा सत्यप्रकाश लोधी द्वारा निःशुल्क साईकिलों का वितरण किया गया। मप्र शासन की निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत साइकिल पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। साईकिले मिलने से निश्चित रूप से विद्यार्थियों को विद्यालय आने जाने में सुगमता होगी। उक्त अवसर पर वीरेंद्र कौरव, सुधाकर पांडेय, संध्या बेलवंशी, राजश्री बेलवंशी, किरण ठाकुर, निधि कौरव, सौरभ शर्मा, सुनील पिपरोनिया, संगीता मेहरा, अनुष्का कौरव, अनिका शर्मा,नम्रता विश्वकर्मा, भारती वर्मा, शिवराज सिंह ठाकुर ,भारत कौरव, सौरभ सतारे, शिवाकांत शर्मा, जयदीप साहू देवेंद्र राजपूत सहित शिक्षक साथियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## रेल्वे गेट के पास बढ़ते अतिक्रमण व आवारा गर्दी वालों की हरकतों से राहगीरों के साथ रहवासी लोग हो रहे परेशान

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय शहर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर खुलेआम अतिक्रमण को जाल बिछते हुये देखे जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली निश्चित तौर से जहां अतिक्रमणकारियों के लिये संरक्षण की मुद्रा में प्रतीत होने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर जिस तरह नगर के रेलवे स्टेशन के समीप यानि की चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर लगे हुये रेल्वे गेट के पास अतिक्रमण करते हुये स्थापित हो रही दुकानों पर जहां दिन के समय आवारा गर्दी करने वालों का जमावडा लगा रहता है तो दूसरी ओर शाम होते ही यहां पर शराब खोरी करने वालों की अशोभनिय हरकते देर रात चलने के कारण यहां पर निवास करने वाले लोगों के साथ साथ इस मार्ग से निकलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है? बताया जाता है कि यहां पर खाली पड़ी हुई सड़क किनारे की भूमि पर लोगों द्वारा खुलेआम अतिकमण करते हुये अपनी दुकाने स्थापित की गई है। इन दुकानों पर दिन भर आवारा गर्दी करने वाले तत्वों का हुजूम रहने के चलते आम लोगों के साथ साथ स्कूल आने जाने वाली छात्राओं को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### नर्मदा जन्मोत्सव की तैयारियां, बस स्टैंड से हटाए गए टपरे



**डिंडौरी।** मंगलवार को नगर परिषद एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई यातायात प्रभारी की उपस्थिति में की गईए जिसके अंतर्गत बस स्टैंड में लगे ठेले एवं टपरे हटाए गए।नगर परिषद प्रशासन ने बताया कि आगामी नर्मदा जन्मोत्सव के आयोजन को लेकर बस स्टैंड परिसर में वाहनों की पार्किंग एवं श्रद्धालुओं के लिए भंडारा स्थल निर्धारित किया गया है। आयोजन के दौरान सुचारू यातायात व्यवस्था एवं जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया।संयुक्त कार्रवाई के दौरान नगर परिषद के राजस्व प्रभारी आशीष कोरी एवं यातायात थाना प्रभारी श्री सुभाष ऊईके उपस्थित रहे। अधिकारियों ने संबंधित दुकानदारों एवं ठेला संचालकों को समझाइश देकर वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश भी दिए।नगर परिषद प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नगर में व्यवस्था बनाए रखने और धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

### जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स में अमरपुर ब्लॉक की प्रतिभागियों ने दिखाया खेल कौशल



**अमरपुर।** गत दिवस डिंडौरी में खेलो एमपी यूथ गेम्स का जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया गया। यह प्रतियोगिता जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के सहयोग से उत्साह पूर्वक संपन्न हुई। जिसमें अमरपुर ब्लॉक के प्रतिभागी खिलाड़ियों ने अनुशासन जोश एवं खेल भावना के साथ सहभागिता लिए। जिस प्रतियोगिता में कुल 21 खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान राज नंदनी परस्तेए रस्सा कस्सी में प्रथम स्थान अमरपुर ब्लॉकए वॉलीबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग में द्वितीय स्थान अमरपुरए कबड्डी प्रतियोगिता बालिका वर्ग में द्वितीय स्थानए बैडमिंटन में द्वितीय स्थान रश्मि कुशराम आदि इन सभी प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों एवं टीमों का चयन आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया हैं। समापन अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सभी प्रतिभागियों को संभाग एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर अमरपुर से प्रतिभागिताओं के साथ यूथ गेम्स प्रभारी नारायण सिंह मरावीए सांदीपनी विद्यालय से जगदीश सिंह ठाकुर एवं मॉडल स्कूल से सुरेश कुमार यादव मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में प्रशासन की सक्रियता से 98 आवेदनों पर सुनवाई, कई मामलों का मौके पर निराकरण








**डिंडौरी।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिलेभर से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं पर प्रशासन ने गंभीरता से सुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विकासखंडों से प्राप्त कुल 98 आवेदनों पर विचार किया गयाए जिनमें से कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गयाए जबकि शेष आवेदनों के लिए समय.सीमा तय कर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई में किसान सम्मान निधिए पेंशनए प्रधानमंत्री आवासए मनरेगाए सामाजिक विवादए भर्ती प्रक्रिया एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित आवेदनों में ई.केवाईसीए आधार.बैंक लिंकिंगए भूमि अभिलेख त्रुटि एवं तकनीकी कारणों से किस्त नहीं मिलने की समस्याएं बताई गईं। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने संबंधित विभागों को दस्तावेजों का परीक्षण कर तकनीकी त्रुटियों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान ग्राम गोरखपुर निवासी श्री कोमलचंद की पेंशन राशि न मिलने की शिकायत पर कलेक्टर ने तत्काल ई.केवाईसी पूर्ण कराते हुए पेंशन स्वीकृत कराईए जिससे राशि उनके खाते में जमा हुई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पडरिया कला निवासी श्री श्याम सिंह ठाकुर एवं ग्राम पंचायत गौरा कन्हारी निवासी भग्गू बाई के पेंशन प्रकरणों का भी मौके पर निराकरण कर राशि खाते में जमा कराई गई।मनरेगा से जुड़ी शिकायतों में ग्राम पंचायत मडियारास के ग्रामीणों ने रोजगार सहायक पर कार्यों में लापरवाही एवं जॉब कार्ड में गंभीर अनियमितता के आरोप लगाए। इस पर कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत देवरी माल में चेक डैम एवं कुआं निर्माण में गुणवत्ता को लेकर की गई शिकायत पर भी जांच के आदेश दिए गए।बैगा परिवारों द्वारा प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना की शेष किस्त दिलाने की मांग पर संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। वहीं ग्राम छपरा के प्रेम विवाह करने वाले दंपती द्वारा सामाजिक प्रताड़ना एवं अवैध राशि मांगने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम शहपुरा को तीन दिवस में जांच कर निराकरण के निर्देश दिए गए। आंगनवाड़ी भर्ती में अनियमितता की शिकायत पर भी जांच के आदेश दिए गए।जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरीए अतिरिक्त सीईओ पंकज जैनए एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावीए सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### शहपुरा में भी जनसुनवाई का असरए वर्षों पुराने प्रकरणों का समाधान

इसी क्रम में एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा द्वारा आयोजित जनसुनवाई में दो वर्ष से लंबित बंटवारा प्रकरणों का मौके पर समाधान कराया गया। ग्राम जिमरा रैयत निवासी विरुल बाई एवं शहपुरा निवासी राधा बाई के बंटवारा प्रकरणों पर तहसीलदार को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गएए जिससे तत्काल समाधान सुनिश्चित हुआ। समाधान मिलने पर आवेदकों ने प्रशासन के प्रति आभार जताया।एसडीएम कार्यालय शहपुरा में आयोजित जनसुनवाई के दौरान 20 जनवरी को प्राप्त कुल 13 आवेदनों को भी निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

# शहपुरा वन परिक्षेत्र में बाघ की दहशत प्रशासन से तत्काल रेस्क्यू की मांग






**शहपुरा। संदीप गौलिया।** जिले के शहपुरा वन परिक्षेत्र में बीते छह दिनों से बाघ की लगातार मौजूदगी ने ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बना दिया है। खेतोंए गांव की सीमाओं और नेशनल हाईवे के आसपास बाघ के खुलेआम विचरण से जनहानि और पशुहानि की आशंका बढ़ गई है। हालात को देखते हुए ग्रामीणों ने अब प्रशासन से त्वरित और ठोस कार्रवाई की मांग की है।शहपुरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत करौंदीए बांकीए कंचनपुरए बिजौरीए चरगांव और शारदा टेकरी क्षेत्र में बाघ की गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार 14 जनवरी को बाघ को नेशनल हाईवे पार करते हुए देखा गया था। इसके बाद विभिन्न गांवों के खेतों के आसपास बाघ की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। 18 जनवरी की रात शारदा टेकरी क्षेत्र में बाघ के दिखने और ग्राम करौंदी में उसकी दहाड़ सुनाई देने से दहशत और बढ़ गई। अगले दिन खेतों में ताजा पदचिह्न मिलने से ग्रामीणों में भय का माहौल और गहरा गया है।बाघ की दहशत से परेशान ग्रामीणों ने कलेक्टर डिण्डौरी के नाम एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अथवा कान्हा नेशनल पार्क से अनुभवी टाइगर एक्सपर्ट टीम बुलाकर सर्च एवं रेस्क्यू अभियान चलाने की मांग की गई है।ग्रामीणों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्रीए वन मंत्रीए मुख्य वन संरक्षक ;सीसीएफद्ध भोपालए डीएफओ डिण्डौरी सहित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और कान्हा नेशनल पार्क प्रबंधन को भी भेजी है।फिलहाल वन विभाग की टीम बाघ को चिन्हित करने में सफल नहीं हो पाई है। ऐसे में ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है और अब सभी की नजरें प्रशासन व वन विभाग की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई पर टिकी हैं।

# आधा सैकड़ा मजदूरों ने जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचकर मांगा रोजगार



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गिठौरी के पोषक ग्राम खुद्दुरपानी ;वनग्रामद्ध के लगभग आधा सैकड़ा महिला.पुरुष मजदूरों ने मनरेगा के तहत रोजगार की मांग को लेकर जनपद पंचायत कार्यालय अमरपुर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन सौंपा। मजदूरों का कहना है कि वे वनग्राम क्षेत्र में निवास करते हैंए जहां सीमित एकफसली भूमि होने के कारण इस समय आजीविका का संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में मनरेगा ही रोजगार का एकमात्र सहारा है।मजदूरों ने बताया कि मनरेगा अधिनियम के तहत आवेदन देने के 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराए जाने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान हैए लेकिन न तो उन्हें काम मिल रहा है और न ही भत्ता।इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी लौकेश नारनौरे ने बताया कि संबंधित पंचायत में 20 से अधिक कार्य पूर्ण हो चुके हैंए लेकिन भुगतान लंबित होने के कारण उनके पूर्णता प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पाए हैं। जब तक पूर्णता प्रमाण पत्र जारी नहीं होतेए तब तक नए कार्य प्रारंभ करना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि यही स्थिति पूरे जनपद पंचायत क्षेत्र की 11 ग्राम पंचायतों में बनी हुई हैए जिसके चलते नए कार्य शुरू नहीं हो पा रहे हैं।इस अव्यवस्था का सीधा असर मजदूरों पर पड़ रहा है। समय पर मजदूरी नहीं मिलने के कारण मजदूरों के अन्य राज्यों में पलायन की आशंका भी बढ़ रही है। जबकि मनरेगा योजना का मूल उद्देश्य ग्रामीण मजदूरों को उनके क्षेत्र में ही 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराकर पलायन रोकना हैए जो वर्तमान परिस्थितियों में असफल होता नजर आ रहा है।

### इनका कहना है

प्रदेश सरकार मजदूरों को समय पर रोजगार उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रही है। यह गरीब मजदूरों के साथ सीधा अन्याय है।

**महेंद्र ठाकुर; अध्यक्षए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुरद्ध**

# डिंडोरी में फसल विविधीकरण पर दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का शुभारंभ




**डिंडौरी।** क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्रए डिंडोरी में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालयए जबलपुर के मार्गदर्शन में फसल विविधीकरण एवं सतत कृषि प्रणाली विषय पर दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 19 जनवरी से प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का प्रथम दिवस सोमवार को संपन्न हुआए जिसमें जिले के अमरपुर विकासखंड अंतर्गत मोहगांव ग्राम पंचायत से आए किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पंजीयन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों को बताया कि वर्तमान समय में केवल एक फसल पर निर्भर रहना जोखिमपूर्ण है। फसल विविधीकरण को अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन एवं बेहतर आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। दलहनए तिलहनए मोटे अनाज एवं सब्जी फसलों को खेती में शामिल कर आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित किए जा सकते हैं। तकनीकी सत्रों में किसानों को फसलों में कीटए रोग एवं खरपतवार प्रबंधनए मृदा सुधारए संतुलित पोषक तत्व प्रबंधनए तिलहनी एवं दलहनी फसलों की उन्नत किस्मों तथा अंतरवर्तीय फसल प्रणाली की जानकारी दी गई। इसके साथ ही वैज्ञानिकों ने कटाई.गहाईए बीजोपचार एवं भंडारण के दौरान आवश्यक सावधानियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान कृषक.वैज्ञानिक संवाद का आयोजन किया गयाए जिसमें किसानों ने अपनी खेती से जुड़ी समस्याएं रखीं। वैज्ञानिकों ने समस्याओं के व्यावहारिक समाधान बताते हुए आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह दी।

यह प्रशिक्षण पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत फसल विविधीकरण विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालयए जबलपुर से डॉण नम्रता जैनए विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक ;सस्य विभागद्ध रहीं। कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉण विकास गुप्ता एक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्रए डिंडोरी की प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉण मनीषा श्यामए कृषि विज्ञान केंद्र डिंडोरी के केंद्र प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉण पीण एलण अंबुलकरए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉण गीता सिंह सहित प्रक्षेत्र विस्तार अधिकारी श्रीमती आस्था प्रधान मरावीए बीण्पीण कुरुलए सुनील मालवीयए दीपक मार्कोए एसआरएफ प्रज्ञा पटलेए प्रक्षेत्र सहायक पृथु कुमार एवं रवि अहिरवार उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में शामिल किसानों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें खेती को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में नई जानकारी मिली है। आयोजकों के अनुसार इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जिले में फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

# नशामुक्ति व स्वदेशी संकल्प के साथ ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का शुभारंभ



**डिंडौरी।** ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत विकासखंड बजाग में सेक्टर स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन कर अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। सेक्टर क्रमांकदृ5 खरगहना अंतर्गत ग्राम गीधा तथा सेक्टर क्रमांकदृ3 गाड़ासरई अंतर्गत ग्राम लिखनी में आयोजित कार्यक्रमों का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री धर्मेन्द्र चौहान ने अभियान की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने नशामुक्त समाज के निर्माणए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने तथा जनभागीदारी के माध्यम से ग्राम विकास को गति देने का आह्वान किया।अभियान के तहत ग्राम गीधा में चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया तथा नशामुक्ति को लेकर रैली निकाली गई। वहीं ग्राम लिखनी में स्वच्छता अभियान के साथ खेल गतिविधियों को भी जोड़ा गयाए जहां क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीमों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को नशामुक्ति एवं स्वदेशी अपनाने का सामूहिक संकल्प भी दिलाया गया।कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक श्रीमती अंजू दुबेए नवांकुर संस्था से बाल किशोर गौतम एवं त्रिलोकी नाथ वनवासीए मेंटर खिलावन सिंह गौतमए प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम जनसहभागिता और उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत खसरा नक्शा वितरित



**डिंडौरी ।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत ग्राम बरगांव में बी.1 वाचन कार्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को उनके खसरा नक्शा वितरित किए गएए जिससे भूमि संबंधी जानकारी पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराई जा सके। कार्यक्रम के दौरान राजस्व अमले द्वारा ग्राम के कृषकों एवं हितग्राहियों को खसराए बी.1ए भूमि सीमांकन एवं रिकॉर्ड से संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक समझाई गई। अधिकारियों ने बताया कि खसरा नक्शा वितरण से किसानों को अपनी भूमि की वास्तविक स्थितिए रकबाए सीमाएं एवं स्वामित्व की स्पष्ट जानकारी प्राप्त होती हैए जिससे भविष्य में भूमि विवादों की संभावनाएं कम होंगी।

बी.1 वाचन के माध्यम से ग्रामीणों के समक्ष राजस्व अभिलेखों का सार्वजनिक रूप से पठन किया गया। इस दौरान यदि किसी हितग्राही को अभिलेखों में त्रुटि प्रतीत हुईए तो उसके निराकरण हेतु मौके पर ही आवेदन प्राप्त किए गए तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों ने अभियान के अंतर्गत किए जा रहे इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि शासन की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शिताए विश्वास एवं प्रशासन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को मजबूत कर रही है। खसरा नक्शा एवं बी.1 वाचन से किसानों को समय पर सही जानकारी मिल रही हैए जिससे उन्हें कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। कार्यक्रम में राजस्व विभाग के अधिकारी.कर्मचारीए पंचायत प्रतिनिधिए कोटवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। प्रशासन ने आमजन से अपील की कि वे संकल्प से समाधान अभियान का अधिक से अधिक लाभ लें तथा अपनी समस्याओं का समाधान मौके पर ही कराएं।

## खबर संक्षेप

### मशीन से पानी देखने के नाम पर किसानों से ठगी, एसपी से की शिकायत



गोटेगांव। समीप मुंगवानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोदरास कला के किसानों के साथ धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। ठगी के शिकार हुए किसानों ने पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती आवेदन सौंपकर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और उनके पैसे वापस दिलाने की गुहार लगाई है।शिकायत के अनुसार, रायसेन जिले के गैरतगंज निवासी दीपक सूर्यवंशी नामक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर खेत में नलकूप खनन हेतु आधुनिक मशीन से जल स्त्रोत (पानी) चेक करने के वीडियो डाले थे। इन वीडियो को देखकर कोदरास कला के किसानों ने उससे संपर्क किया। आरोपी ने दावा किया कि वह भूगर्भित जल मशीन के माध्यम से पानी की सटीक लोकेशन बता देगा। झांसे में आकर किसानों ने उसे गांव बुलाया, जहां आरोपी ने तीन किसानों से प्रति किसान आठ हजार रुपये के मान से कुल 24 हजार रुपये वसूल लिए।पैसे लेने के बाद आरोपी ने खेत में पानी देखने का ढोंग किया और किसानों से कहा कि वह इसकी विस्तृत रिपोर्ट घर जाकर भेजेगा, जिसके बाद ही वे नलकूप का खनन करवाएं। पैसे लेकर जाने के बाद से ही आरोपी ने किसानों के फोन उठाना बंद कर दिया है और न ही कोई रिपोर्ट भेजी। ठगी का अहसास होने पर किसान रंजीत राय, मोहन लाल मेहरा और सरजू गौड़ ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की मांग की है।

### कलेक्टर द्वारा सेवानिवृत्त सेवकों को पीपीओ वितरित




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने माह दिसम्बर 2025 को विभिन्न कार्यालयों से सेवानिवृत्त हुए 12 शासकीय सेवकों को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को पीपीओ वितरित किये। उन्होंने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को शाल-श्रीफल भेंट कर स्वस्थ एवं सुखद भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश भी मौजूद थे। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह द्वारा जिन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ वितरित किये, उनमें गोपाल प्रसाद दुबे, संतोष कुमार सोनी, ब्रजेश स्थापक, नेतराज सिंह वर्मा, दीपक सिंह ठाकुर, गोविंद सिंह पटेल, जगदीश प्रसाद ठाकुर, हेमराज साहू, तेजराम जाटव, देवेन्द्र कुमार सक्सेना और भगवान दास मेहरा व श्रीमती मृदुला पटेल शामिल हैं।

### जनसुनवाई में आये 100 आवेदन




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 100 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

# कॉलोनी में उपयोग लाई जा रही मिट्टी की हो जांच, कॉलोनी निर्माण में नियमों को किया जा रहा दरकिनार

## बिना बिजली, पानी, नाली निर्माण के बेंच दिए प्लाट








**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा नगर वासियों को अच्छी रहवास व्यवस्था को लेकर कॉलोनी निर्माण करने हेतु नियम बना कर उचित ढंग से व्यवस्थाएं देने बात कही जाती है। वही कालोनाईजर द्वारा कालोनी निर्माण के दौरान लोगो को प्रलोभन व अच्छी व्यवस्थाएं देने के नाम पर प्लाटिंग कर उनका विक्रय कर दिया जाता है ऐसी अवैध कालोनियों पर लगाम लगाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों ध्यान नही दिया जाता और कालोनाईजर मोटी कमाई कर लोगों को पूरी सुविधाएं उपलब्ध नही कराते है ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय स्थित अक्षरधाम कॉलोनी मे भी सामने आया।

### मामला इस प्रकार

नगर के खैरी नाका के पास अक्षरधाम कालोनाईजर द्वारा कालोनी का निर्माण किया जा रहा है। कालोनाईजर द्वारा बिना कॉलोनी रोड नाली पानी पार्क का पूरी तरह निर्माण ना होने के पूर्व ही कॉलोनी के प्लॉट महंगे दाम पर विक्रय कर दिए। जबकि कालोनाईजर को कॉलोनी मे प्लाट विक्रय करने के पूर्व रहवासियों के लिए नाली, पानी, बिजली, रोड आदि की मूलभूत व्यवस्थाएं पूर्ण करनी चाहिए उसके उपरांत प्लाट विक्रय किए जाने थे लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण कालोनाईजर मोटी कमाई करने मे लगा हुआ है और प्रशासन आंख बंद करके बैठा हुआ है। कालोनी निर्माण कार्य में उपयोगी की जा रही मिट्टी के संबंध मे भी कालोनाईजर द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई।

### प्रशासन करे ठोस कार्रवाई

कालोनाईजर द्वारा लोगों को बेहतर सुविधाओं का प्रलोभन देकर कालोनी के प्लाटों का विक्रय कर दिया जाता है और बाद मे निवासियों की समस्याओं को दरकिनार किया जाता है और लोग प्रशासन को दोष देते रहते है प्रशासन को चाहिए की कालोनाइजर पर ठोस कार्रवाई कर नियमों के अनुरूप कालोनी का निर्माण कराया जाए। जिससे भविष्य में कालोनी मे निवास करने वालों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। कालोनाईजर द्वारा बिना नाली, पानी, बिजली की व्यवस्थाएं पूर्ण किए कालोनी के प्लाट का विक्रय किया गया जो नियम विरूद्ध है। प्रशासन को चाहिए की कालोनी की जांच कर ठोस कार्रवाई करे।

### उपयोग की जा रही मिट्टी की हो जांच

कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी मे कराए जा रहे निर्माण कार्य मे पीली मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिट्टी की कोई खदान जिले मे नही है कालोनाईजर द्वारा उपयोग की जाने वाली मिट्टी कहां से खुदाई कर लाई जा रही है इसकी जांच की जानी चाहिए। विचारणीय यह है कि कॉलोनी में निर्माण कार्य के दौरान उपयोग की जा रही मिट्टी के संबंध मे कोई संतुष्टि पूर्ण जानकारी नहीं दी गई। खदान ना होने के बाद मिट्टी का खनन तथा परिवहन पर भी सवाल उठ रहे है। उक्त संबंध मे जानकारी के लिए दूरभाष पर कालोनाईजर से संपर्क किया गया तो कालोनाईजर द्वारा फोन रिसीव नही किया गया और ना हो मौके पर उपस्थित कर्मचारियों द्वारा मिट्टी के खनन व परिवहन के संबंध मे कोई जानकारी दी गई।

### इनका कहना है।

कालोनाईजर द्वारा निर्माण में पीली मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है उक्त संबंध मे आपके द्वारा जानकारी दी गई। मै इसकी जांच कराता हूं।

**ओ पी बघेल, खनिज अधिकारी**

# पेंशनर समाज की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस पेंशनर समाज तहसील शाखा कार्यकारिणी एवं नरसिंह वरिष्ठ जन परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकारिणी द्वारा निर्णय लिया गया कि ध्वजारोहण कार्यक्रम हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित गौरी शंकर पार्क मढ़यि रोड में किया जावे। कार्यक्रम में पेंशन समाज के साथ नरसिंह वरिष्ठ जन परिषद भी अपनी सहभागिता देते हुए ध्वजारोहण करेगे। तहसील शाखा के अध्यक्ष अनिल राय एवं नरसिंह वरिष्ठ जन परिषद अध्यक्ष जी के चतुर्वेदी ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष ध्वज समिति के सबसे वरिष्ठ सदस्य द्वारा फहराया जाए। बैठक में गणेश चतुर्वेदी, एस के चतुर्वेदी, सी बी शर्मा व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति रही ।

# एनएसयूआई की जनचेतना पदयात्रा 26 से




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नर्मदापुरम लोकसभा क्षेत्र की शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और युवाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा जनचेतना पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में एन एस यू आई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चैकसे ने मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि 25 तारीख को मां नर्मदा जी का विधिवत पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात 26 तारीख से पदयात्रा की शुरुआत होगी, जो नरसिंहपुर से प्रारंभ होकर नर्मदापुरम तक पहुंचेगी। यात्रा के दौरान विभिन्न गांवों और कस्बों में जनसंवाद कर क्षेत्र की समस्याओं को सामने लाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष श्री चैकसे ने कहा कि नर्मदापुरम लोकसभा क्षेत्र में आज भी कोई मेडिकल कॉलेज और शासकीय विश्वविद्यालय नहीं है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बाहर जाना पड़ता है। एन एस यू आई की मांग है कि मां नर्मदा जी के नाम पर एक शासकीय मेडिकल कॉलेज और एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर सहित एक शासकीय विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि यह क्षेत्र कृषि प्रधान होने के बावजूद किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। गन्ना, दाल, चावल सहित प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की जाए तथा शुगर मिल और राइस मिल जैसी सहकारी मिलों की स्थापना कर किसानों की आय बढ़ाई जाए। पदयात्रा के माध्यम से क्षेत्र में बढ़ते नशे के अवैध व्यापार, उससे जुड़े अपराधों, नर्मदा नदी में हो रहे अवैध रेत उत्खनन, प्रदूषित पानी और आवारा पशुओं की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। एन एस यू आई गोशालाओं के विकास, उनके लिए पर्याप्त फंड तथा आवारा पशुओं को छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कानून की मांग की है। उन्होंने बताया गया कि इस पदयात्रा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, छात्र, युवा और किसान बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उक्त मौके पर अतुल चैरसिया, अभिनय ढ़मोले, संगठन के जिला अध्यक्ष ईशान राय, आईटी सेल के पूर्व समन्वयक अंकुर बटरी, रायसेन जिला एन एस यू आई अध्यक्ष अजय रघुवंशी, जिला महासचिव निखिल सराठे, जिला सचिव अंकित राय, अभिषेक प्रजापति, उज्जवल राय देवांश पटेल युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष शिवम जिला महासचिव संजय मेहरा ठाकुरआदि मौजूद थे।

# उपवास रखकर जताया विरोध, सरकार पर कसा तंज




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर्व पर शंकराचार्य अविमुक्तानंद सरस्वती महाराज के साथ की गई अभद्रता एवं साधु संतों के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। इसी क्रम में विभिन्न संगठनों के द्वारा नगर पालिका चौराहे पर सामूहिक से उपवास सत्याग्रह रखा गया। जिसका समापन आज 12 बजे होगा। गैर राजनीतिक इस सत्याग्रह में अनेक वक्ताओं ने बात रखी। सभी ने प्रयागराज में हुई घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सनातन धर्म और गौरवशाली भारतीय संस्कृति परंपरा का अपमान बताया। वक्ताओं ने कहा कि जरूरत है कि प्रयागराज की घटना का हम सब विरोध करें क्योंकि शंकराचार्य जी सनातन एवं भारतीय संस्कृति और परंपरा के सर्वोच्च हैं और उनके अपमान को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। लोगों ने प्रयागराज की घटना को सनातन धर्म का घोर अपमान बताते हुए उत्तर प्रदेश की सरकार हिन्दू विरोधी बताया। धर्म, संस्कृति और सनातन परंपरा के सर्वोच्च शंकराचार्य जी के साथ जो व्यवहार उत्तर प्रदेश में किया गया, वह सिर्फ एक संत का नहीं, बल्कि पूरे सनातन का अपमान है। उत्तर प्रदेश की सरकार सत्ता के अहंकार में इतनी अंधी हो चुकी है ,कि उसे न संत दिख रहे हैं, न संस्कृति, न संवैधानिक मर्यादा। इसी निरंकुशता, तानाशाही और दमनकारी रवैया विरोध हर स्थिति में किया जाएगा। सत्याग्रह से हम सब लोग यह संदेश दे रहे हैं कि कभी संतों का अपमान बर्दाश्त नही होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग भी गई। वहीं अनेक वक्ताओं ने शंकराचार्य पद के इतिहास को विस्तार से बताया और अफसोस के साथ कहा कि अंग्रेज शासन में जो नहीं हुआ वह हमारे शासकों ने कर दिया।



## महिला मंडल द्वारा भजन पूजन कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सर्व स्वर्णकार महिला मंडल द्वारा स्थानीय काली माता मंदिर में भजन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मंडल द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती जी का पूजन अर्चन कर महिलाओं को हल्दी कुमकुम लगाकर एवं माला पहनाकर, सुहाग सामग्री वितरित की गई। उसके उपरांत भगवान गणेश माताजी एवं कृष्ण भजनो ने ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान नगर कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्रीमती विभा सोनी, निशा सोनी, अर्चना सुरेन्द्र सोनी अन्य की उपस्थिति रही।

# समर्थ भारत निर्माण यात्रा में 100 वर्षों से आरएसएस का सतत योगदान अब भी जारी








## निरंतर का पर्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**करेली-** देश का सबसे बड़ा संगठनलोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ने वालासंगठनअब अब100 बरस काहो चला है इन 100 वर्षों के लंबे समय मेंराष्ट्रीयस्वयंसेवकसंघ ने कई उतार चढ़ाव देखे हैं वैसे तो स्वयंसेवक नियमित रूपसेसमाजपरिवर्तन और समस्याओं का समाधान करने के लिएसतत सक्रियरहते हैं अबइन स्वयं सेवकों का शताब्दी वर्षमहोत्सव के बादपांच विषयों पर सज्जनशक्ति के सहयोग से जन जागरण के लिए विशेषप्रयत्न करेंगेजिन्हें परिवर्तनकहा गया है आरएसएस द्वारा शताब्दी वर्ष के निमित्त अनेक आयोजन किया जारहे हैंयुवा सम्मेलन से समाज में जन जागरण की पहलराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान विभिन्न कार्यक्रमोंका आयोज ननिरंतर जारी है इसमें से एक कार्यक्रम युवा सम्मेलन का भी हैजिसे हर छोटे बड़े शहर कस्बे में किया जा रहा है और उसका मुख्य उद्देश्यहै समाज समाज में आई विकृतियों के जाल में उलझे युवाओं क ोबाहर निकालकरअपनीसनातन संस्कृति की ओर वापस लाना है वर्तमान समय में पश्चातसंस्कृति का बहुत असर है इससे युवा अपनी मूल संस्कृति को भूलते जा रहेहैं इसमें लड़के लड़कियां दोनों ही शामिल हैयुवा सम्मेलन कायही एकउद्देश्य हैकि संघ के माध्यम से इन सम्मेलनों से युवाओं को भारतीयसंस्कृति परंपराकी ओर पुनः वापस लाया जाए जिससे हम अपनेपरिवार क्षेत्र वदेश कोआत्मनिर्भर बना सकेंमानव सेवा ही स्वयंसेवकों का एक ही संकल्पदेश भक्ति से उत्प्रेरित स्वयंसेवक समाज के कष्ट देखते ही दौड़ पड़ते हैंतभी समाज किसी भी प्राकृतिक अथवा अन्य आपदाओं के समय वहां तुरंत पहुंचतेहैं केवल आपदा के समय ही नहीं तो नियमित रूप से समाज में दिखने वाले अभावपीड़ा अपेक्षा दूर करने हेतु स्वयंसेवक अपनी क्षमता अनुसार सर्वत्रप्रयास करते हैं आज संघ के स्वयंसेवक समाज के सहयोग से स्वास्थ्य शिक्षासंस्कार और स्वावलंब के विषयों पर ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में129000सेवा कार्य व गतिविधियां चला रहे हैं इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकप्रशासनअथवा सरकार पर निर्भर ना रहते हुए अपने ग्राम का सर्वाधिक कारणविकास सभी ग्रामवासी मिलकर करें इस उद्देश्य से ग्राम विकास का कार्य भीकर रहे हैं।

**हम कौन हैं हमारे पूर्वज कौन थे** हमारी कुलरीति क्या है अपने घर की रीति क्या है क्या भद्र है क्या अभद्र है आज केसमय में क्या-क्या आवश्यक है इसके आधार पर अपने घर में ही सब ने सहमतिबनाकर उतनी बातों को लागू करनाजरूरी होगा जिस तब जाकर ही हम अपनीसंस्कृतिव संस्कारों को अपनेऔर अपने लोगों को दे सकेंगेहमारा मूल उद्देश्य होस्व आधारित जीवनकिसी भी देश के विकास के लिए उसे देश के जो संसाधन है उसके आधार पर विकासके मार्गों को प्रतिशत करना चाहिए स्व आधारित जीवन का तात्पर्य यह है किआर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी आयामों में हमें स्वयं के पैरों पर खड़ा होनाचाहिए स्वदेशी जीवन शैली प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक परिवार के स्तर परअपनानी होगी तभी भारत आत्मनिर्भर बनेगा अपनी मातृभाषा स्वाभूषा संस्कृतिऔर परंपराओं पर स्वाभिमान रखकर उनकाअपने आचरण व्यवहार में लाना आवश्यकहै।

# हिंदू समाज की एकजुटता का महाकुंभ- गूंजा सनातन धर्म का जय घोष




**गोटेगांव।**

गोटेगांव के समीपवर्ती ग्राम देवनगर में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में 19 जनवरी को 'सनातन विराट हिंदू सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया। इस गौरवशाली आयोजन में आसपास के ग्रामीण अंचलों और कस्बों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय और उत्साही नजर आया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मनीष पाठक ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में धर्म, संस्कृति और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़ने और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान राजेंद्र पटेल ने हिंदू एकता और आपसी भाईचारे पर बल देते हुए सभी को मिलकर रहने का संदेश दिया। वहीं, श्रीमती खेमरिया ने अपने संबोधन में मातृशक्ति के गौरवशाली इतिहास और समाज के निर्माण में महिलाओं की अनिवार्य भागीदारी का उल्लेख किया। आयोजकों के अनुसार, इस सम्मेलन का मूल उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना है। मंच पर क्षेत्र के उन्नत किसान कमलेश तिवारी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संतों, समाजसेवियों, युवाओं और मातृशक्ति की विशाल उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। गांव-गांव में दी गई सूचना और व्यापक जनसंपर्क के चलते सम्मेलन में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला।

# भ्रष्टाचार और बदहाली की भेंट चढ़ा सोहजनी ग्राम, कागजी विकास देख ग्रामीण परेशान

**गोटेगांव**








तहसील की ग्राम पंचायत गौरतला के अंतर्गत आने वाला ग्राम सोहजनी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। शासन-प्रशासन की उदासीनता और जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता के कारण यहाँ विकास कार्य सिर्फ कागजों तक सीमित रह गए हैं। ग्राम में नालियां तो बनी हैं, लेकिन सफाई कर्मचारी न होने के कारण वे महीनों से गंदगी से बजबजा रही हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि यहाँ की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजनीतिक रसूख के चलते कभी-कभार ही केंद्र आती हैं। आंगनवाड़ी भवन न होने के कारण बच्चों को पेड़ों के नीचे बैठना पड़ रहा है, जबकि नए भवन का निर्माण कछुआ गति से चल रहा है। यही हाल शिक्षा के मंदिर का है, जहाँ शासकीय स्कूल में लगा नलकूप अक्सर बंद रहता है, जिससे छात्र और शिक्षक पीने के पानी के लिए परेशान हैं। पंचायत द्वारा बनाए गए कचराघर गंदगी से भरे पड़े हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है।भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन निर्माण का आलम यह है कि ग्राम में बिना लोहे के ही नालियों की ढलाई कर दी गई है। गौरतला में कुछ महीने पहले बनी सीसी सड़क भी पहली ही बारिश में उखड़ने लगी है और उसकी गिट्टियां सड़क पर फैल रही हैं। इस संबंध में जब सरपंच से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनका मोबाइल नंबर बंद मिला। ग्रामीणों ने अब वरिष्ठ अधिकारियों से पंचायत में हुए विकास कार्यों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।